CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 280 ▫ रायपुर, सोमवार 4 नवम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### रैली में पीएम मोदी की हुंकारः रोटी, बेटी, माटी की पुकार, झारखंड में बीजेपी-एनडीए सरकार

नई दिल्ली, 4 नवंबर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चुनावी राज्य झारखंड के गढ़वा में एक रैली को संबोधित किया। झारखंड में दो चरणों में 13 नवंबर और 20 नवंबर को मतदान होगा। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आपने कुछ महीने पहले दिल्ली में लगातार तीसरी बार भाजपा-एनडीए सरकार बनाई। अब झारखंड में विधानसभा का चुनाव है, हम सभी को मिलकर यहां भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बनानी है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं आज आप सबका आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज झारखंड में हर तरफ एक ही गूंज है, 'रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार'। मोदी ने कहा कि इस समय छठ का उत्साह भी चारो तरफ दिख रहा है। मैं छठी मैया की उपासना करने वालों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड में ये चुनाव ऐसे समय हो रहे हैं, जब पूरा देश %विकसित भारत% के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है यानी आने वाले 25 वर्ष देश और झारखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे और झारखंड भी तब 50 वर्ष का होने वाला होगा।

### 6 साल बाद जम्मू-कश्मीर का पहला विधानसभा का सत्र, आर्टिकल 370 हटाने के खिलाफ प्रस्ताव पर हंगामा

**नई दिल्ली, 4 नवंबर (न्यूज चैनल)।** छह साल में पहली बार बुलाई गई जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नाटकीय वापसी के तहत विधायकों के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सत्र की शुरुआत पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विधायक वहीद पारा ने की, जिन्होंने अगस्त 2019 में लागू अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का विरोध करते हुए एक अप्रत्याशित प्रस्ताव पेश किया। मंत्रिपरिषद ने जनता की भावनाओं के अनुरूप राज्य का दर्जा बहाल करने का आह्वान करते हुए एक प्रस्ताव रखा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा, मेरी सरकार राज्य को बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। अनुच्छेद 370 को ख़त्म करने के ख़िलाफ़ प्रस्ताव पेश करने पर पारा ने सदस्यों के बीच उत्साहपूर्ण चर्चा शुरू कर दी, जिससे क्षेत्र की विशेष स्थिति को लेकर चल रहे तनाव पर प्रकाश डाला गया। विधानसभा का सत्र जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक परिदृश्य से जुड़ी जटिलताओं और गहरी जड़ों वाली भावनाओं को प्रतिबिंबित करता है।




**चूहा- सुनती हो, झारखंड में महिलाओं की सम्मान निधि अब 1000 से 2500 हो गई है।**

**चुहिया- हां जी, चुनावी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में महिलाओं को बढ़िया फायदा मिल रहा है।**

## उत्तराखंड में बड़ा हादसा, अल्मोड़ा में बस खाई में गिरी

# 38 यात्रियों की मौत, कई घायल

**नई दिल्ली, 4 नवंबर (न्यूज चैनल)।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। मार्चुला के पास एक बस खाई में गिर गई है। हादसे में 38 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है। एसडीआरएफ की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। जानकारी के अनुसार, नैनी डांडा से रामनगर जा रही एक बस आज सुबह खाई में गिर गई। गीत जागीर नदी के किनारे गिरी बस में 38 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हैं।

**सीएम ने किया मुआवजे क एलान, एआरटीओ प्रवर्तन निलंबित:** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी और अल्मोड़ा के संबंधित क्षेत्र के एआरटीओ प्रवर्तन को निलंबित करने के निर्देश दिए। सीएम ने मृतक परिजनों को 4-4 लाख रूपये और घायलों को 1-1 लाख रुपये की सहायता राशि देने का निर्देश दिया है। आयुक्त कुमाऊं मंडल को घटना की मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश दिए गए हैं। शुरुआती जानकारी मिली है कि हादसे का शिकार हुई बस नैनीडांडा के किनाथ से सवारियों को लेकर जा रही थी। बस को रामनगर जाना था। यूजर्स कम्पनी की बस है। बस सारड बैंड के पास नदी में गिरी है। आपदा प्रबंधन अधिकारी अल्मोड़ा विनीत पाल ने बताया कि 38 यात्रियों की मौत हो चुकी है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। टीम रेस्क्यू में जुटी है।



### बस में सवार थे 55 से ज्यादा यात्री

बस 40 सीटर थी। बस में 55 से ज्यादा यात्री थे। हादसे के बाद कुछ यात्री खुद ही बस से बाहर निकल आए। कुछ लोग छिटक कर नीचे गिर गए। घायल लोगों ने ही जानकारी दूसरों तक पहुंचाई। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है। घायलों को अस्पताल ले जाने का काम किया जा रहा है।

### सीएम धामी ने दिए बचाव और राहत कार्य तेजी से चलाने के निर्देश

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा में बस हादसे पर सचिव आपदा प्रबंधन,आयुक्त कुमाऊं मंडल और डीएम अल्मोड़ा से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली और बचाव और राहत कार्य तेजी से चलाने के निर्देश दिए। डीएम देहरादून को भी रेस्क्यू ऑपरेशन की देखरेख के लिए विशेष रूप से वहां भेजा जा रहा है। एसडीआरएफ के साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई हैं रेस्क्यू और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। आवश्यकता पड़ने पर गंभीर रूप से घायल यात्रियों को एयरलिफ्ट करने के लिए भी निर्देश दिए हैं।

## रायपुर सेंट्रल जेल के बाहर चली गोली

### युवक गंभीर रूप से घायल




**रायपुर, 4 नवंबर (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर में लगता है अपराधी पूरी तरह से बेलगाम हो गये हैं। रायपुर सेंट्रल जेल के बाहर एक युवक को गोली मारी गयी है। युवक को अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजधानी के सबसे व्यस्तम इलाके में हुई इस गोलीबारी से इलाके में सनसनी मच गयी।

जानकारी के मुताबिक जिस युवक को गोली मारी गयी है, उसका नाम साहिल खान है।जेल में मुलाकात कर युवक बाहर निकला था। युवक पर अपराधियों ने दो राउंड फायरिंग की है। साहिल खान नामक युवक पर गोली चली है। घायल को अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी का सुराग मिल सके। जानकारी के अनुसार, युवक किसी से मुलाकात करने के लिए जेल गया था। मुलाकात के बाद जब वह बाहर निकला, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उस पर ताबड़तोड़ दो गोलियां दाग दीं। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने फौरन पुलिस को सूचित किया और घायल को अस्पताल पहुंचाया।

## प्रेम-प्रसंग के चलते युवक की हत्या, प्रेमिका के पिता और रिश्तेदारों ने उतारा मौत के घाट



**बिलासपुर, 4 नवंबर (हाईवे चैनल)।** जिले में थाना पचपेड़ी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिल्हाटी में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान कसडोल थाना क्षेत्र निवासी टीकाराम केवट के रूप में की गई।

पुलिस ने जांच के दौरान मृतक के परिजनों से पूछताछ की तब यह जानकारी सामने आई कि टीकाराम का प्रेम संबंध गाँव की युवती गीता यादव से था। 2 नवंबर 2024 को वह अपने मित्र दीपक वर्मा के साथ दोपहर 12 बजे घर से बाइक पर निकला था। पुलिस के मुताबिक लड़की के परिजन टीकाराम और गीता के संबंधों से नाराज थे, जिस कारण उन्होंने गीता को अपने रिश्तेदार भागवत यादव के घर डीगोरा भेज दिया था। टीकाराम और दीपक जब गीता से मिलने डीगोरा पहुँचे, तो भागवत यादव ने उन्हें देख लिया और अपने घर बुला लिया। वहां से भागवत ने गीता के पिता सुखी राम यादव को सूचना दी, जिसके बाद सुखी राम अपने बेटे भोजराम यादव, गौरी शंकर यादव और रिश्तेदार ललित यादव व राहुल यादव के साथ ललित की गाड़ी में सवार होकर भागवत के घर पहुंचे। वहाँ उन्होंने दीपक और टीकाराम के हाथ बांधकर दोनों को तूफान वाहन में बैठाया और चिल्हाटी के जंगल में ले गए।

जंगल में ले जाकर आरोपियों ने दोनों के साथ हाथ, मुक्के और डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मौका पाकर दीपक वहाँ से भाग निकला, लेकिन टीकाराम के साथ मारपीट जारी रहा। आरोपियों ने टीकाराम का गला रस्सी से घोंटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान टीकाराम की हत्या की बात स्वीकार की है। इस मामले में सुखी राम यादव, भोजराम यादव, गौरी शंकर यादव, ललित यादव, राहुल यादव और भागवत यादव को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

#### केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक की घोषणा

### एडीजी विवेकानंद, आईजी अमरेश मिश्रा और कल्याण एलेसला सहित 183 अधिकारियों-जवानों के नाम


**रायपुर, 4 नवंबर (हाईवे चैनल)।** गृह मंत्रालय ने केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक की घोषणा कर दी है। 463 पुलिस अधिकारियों और जवानों को केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया जाएगा। सबसे ज्यादा पदक इस बार छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों और जवानों को दिए जाएंगे। इस सूची में छत्तीसगढ़ के 183 अधिकारी और जवानों के नाम शामिल है। अलग-अलग कटैगरी में दिए जाने वाले इस पुरस्कार में एडीही विवेकानंद सिन्हा, आईपीएस अमरेश मिश्रा, एसपी विजय पांडे, एसएसपी आईके एलेसेला का नाम शामिल है।

'स्पेशल ऑपरेशन फील्ड' के लिए केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पुरस्कार के लिए एडीजी विवेकानंद सिन्हा, एसपी विजय पांडे, एसएसपी आईके एलेसेला, एसपी प्रभात कुमार, एडिशनल एसपी रॉबिन्सन गुडिया, एडिशनल एसपी डॉ प्रशांत शुक्ला, डीएसपी सोहन लाल, डीएसपी मोहन कुमार, डीएसपी महंत कुमार, डीएसपी रवि कुमार कुजुर, इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट, इंस्पेक्टर रामेश्वर देशमुख का नाम शामिल है।इनके अलावा उप निरीक्षक, हवलदार और आरक्षकों को भी 'स्पेशल ऑपरेशन फील्ड' के लिए केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पुरस्कार पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कांकेर नक्सल मुठभेड़ मामले में सबसे अधिक जवानों को सम्मानित किया जा रहा है। इन्वेस्टिगेशन फील्ड के लिए आईजी अमरेश मिश्रा और सब इंस्पेक्टर अजय कुमार सिन्हा को केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पुरस्कार दिया जाएगा। एनआईए में पदस्थापना के दौरान अमरेश मिश्रा को उत्कृष्ट कार्य के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### चुनाव से सीएम सोरेन का बड़ा फैसला, 2500 रुपए हुई मंईयां सम्मान योजना की राशि

**नई दिल्ली, 4 नवंबर (न्यूज चैनल)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 18 से 20 साल की युवतियों के लिए मंईयां सम्मान योजना शुरू की थी। पहले यह योजना 21 से 50 साल की महिलाओं के लिए थी। लेकिन अब 18 से 20 साल की युवतियां भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगी। बता दें मुख्यमंत्री सोरेन ने इस निर्णय को युवा वर्ग के लिए एक अहम कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे समाज के सभी वर्गों को संजीवनी मिलेगी। इसके अलावा सीएम ने यह भी बताया कि इस योजना के तहत युवतियों को सम्मान राशि दी जाएगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। समाज में उनके योगदान को भी मान्यता मिलेगी।

सीएम सोरेन के मुताबिक झारखंड में बेटियों को जन्म से लेकर मृत्यु तक किसी न किसी योजना के फायदे मिलते रहेंगे। इससे पहले राज्य में सुकन्या योजना, लक्ष्मी लाडली योजना और 21 से 50 साल तक की महिलाओं के लिए मईया योजना चलाई जा रही थी। लेकिन झारखंड में 18 से 20 साल तक की महिलाओं के लिए कोई योजना नहीं थी। लेकिन मंईयां सम्मान योजना शुरू होने के बाद अब 18 से 20 साल की युवा वर्ग की महिलाओं को भी इस योजना का लाभ मिल सकेगा। वहीं झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार ने महिलाओं को बड़ी राहत देने के काम किया है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत अब महिलाओं को 1000 रुपए की जगह 2500 रूपए दिए जाएंगे। सीएम सोरेन ने कैबिनेट बैठक में इस फैसले को मंजूरी दे दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिसंबर महीने से महिलाओं के खाते में यह राशि ट्रांसफर की जाएगी। इस योजना से करीब 900 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा।




CMYK